पूर्ण दृष्टि मूल्यांकन (फुल विज़न असैसमैंट) के लिए निर्देश या रिफरल

दृष्टि जाँच (विज़न स्क्रीनिंग)

आपके बच्चे की दृष्टि की जाँच नियमित वैल चाइल्ड जाँचों का हिस्सा था। इससे समस्या होने की संभावना स्पष्ट हुई थी।

यह महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने बच्चे की दृष्टि की जाँच के लिए मुलाकात का समय लें। अपने बच्चे की दृष्टि के बारे में निश्चित होने का यह सबसे अच्छा तरीका है।

दृष्टि सम्बन्धी समस्याओं के बारे में जल्दी पता लगाना बहुत महत्त्वपूर्ण है ताकि आपके बच्चे की सहायता की जा सके।

अपने बच्चे की जाँच करवाना



अपने स्थानीय अस्पताल में या नेत्र जाँचकर्ता अथवा निजी (प्राईवेट) नेत्ररोग विशेषज्ञ (आँखों के डॉक्टर) द्वारा अपने बच्चे की दृष्टि की जाँच के लिए मुलाकात का समय निर्धारित करें।

अस्पताल में मुलाकात का समय

- आप अपने स्थानीय अस्पताल में अपने बच्चे की दृष्टि की जाँच करवा सकते हैं। इस पुस्तिका के साथ आपको जो पत्र मिला है उसमें मुलाकात के लिए समय लेने के बारे में ब्यौरा दिया गया है।
- मुलाकात के लिए आपको इंतजार करना पड़ सकता है।

नेत्र जाँचकर्ता या नेत्ररोग विशेषज्ञ

- अपने स्थानीय नेत्र जाँचकर्ताओं या निजी नेत्ररोग विशेषज्ञ के नम्बरों के लिए अपनी टेलीफोन पुस्तिका को देखें।

जाँच का भुगतान

निजी नेत्र जाँचकर्ता और नेत्ररोग विशेषज्ञ, जाँच के लिए फीस ले सकते हैं। मुलाकात के लिए समय निश्चित करते समय आप खर्चे के बारे में जाँच कर लें।

कुछ परिवारों को सबसिडी उपलब्ध है जिससे जाँच के खर्चे को पूरा किया जा सकता है। यह चश्मे के लिए आर्थिक सहायता का हिस्सा है। इस सबसिडी के बारे में पुस्तिका संलग्न है।

अधिक जानकारी के लिएः

- जिसने आपके बच्चे की जाँच की थी उस दृष्टि श्रवणशक्ति तकनीशियन (विज़न हियरिंग टैक्नीशियन) से सम्पर्क करें - उनसे सम्पर्क का ब्यौरा दाईं ओर है। वे आपको अपने बच्चे के लिए मुलाकात का समय निर्धारित करने के बारे में सलाह दे सकते हैं।
- या अपने नेत्र जाँचकर्ता या नेत्ररोग विशेषज्ञ, अथवा अपने डाक्टर से बातचीत करें।

जाँच के बारे में...

जाँच

आप मुलाकात के लिए समय निश्चित करते समय यह पूछ सकते हैं कि इसमें कितना समय लगेगा। जाँच में किए जाने वाले टैस्ट आपके बच्चे के लिए सुरक्षित हैं। अन्त में आपको जाँच के परिणाम प्राप्त होंगे। हालांकि आप मुलाकात के समय अपने साथ परिवार के अन्य सदस्यों को ला सकते हैं, परन्तु जाँच करते समय अगर कोई बाधा न हो तो टैस्ट करना आसान होता है।

अगर जाँच में मेरे बच्चे की नज़र में कुछ कमी दिखाई देती है तो?

आपके बच्चे के लिए उपलब्ध सहायता के बारे में आपको जानकारी दी जाएगी। आप एकसाथ मिलकर आगे क्या किया जाए इस बारे में योजना बना सकते हैं।

अगर जाँच में मेरे बच्चे की नज़र ठीक आती है तो?

हालांकि आपके बच्चे को विज़न स्क्रीन द्वारा निर्दिष्ट किया गया था, संभव है कि अधिक गहराई से की गई जाँच से कोई महत्त्वपूर्ण समस्या न मिले।

आपके बच्चे द्वारा इस सारी जाँच को पास कर लेने के बाद भी नज़र की समस्याएं बाद में पैदा हो सकती हैं।

आपके अधिकार

यह जरूरी है कि दृष्टि जाँच के बाद आपको पर्याप्त जानकारी दी जाए ताकि आप यह निश्चय कर सकें कि आप अपने बच्चे को पूरी जाँच के लिए निर्दिष्ट (रिफर) करवाना चाहते हैं या नहीं। आप इस बारे में अपने साथी या परिवार से विचार-विमर्श करने के भी इच्छुक हो सकते हैं।

B4 School Check

बच्चों की दृष्टि जाँच के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, या इस पुस्तिका को डाउनलोड करने के लिए, स्वास्थ्य मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ हैल्थ) की http://www.moh.govt.nz/b4schoolcheck वेबसाइट पर जाएं या 24 घंटे उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सलाह सेवा, हैल्थलाईन को (0800 611 116) नम्बर पर फोन करें।

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA